सूर्य नमस्कार — एक साथ हजारों लोगों ने किया योग एवं प्राणायाम का अभ्यास, सूर्य नमस्कार के 12 आसनों तथा अनुलोम-विलोम का किया गया अभ्यास

# स्वामी विवेकानन्द जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस पर सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन





**शहडोल , नवभारत।** स्वामी विवेकानंद जी की जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर संभागीय मुख्यालय के महात्मा गांधी स्टेडियम में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, अध्यक्ष नगरपालिकाघनश्याम जायसवाल ने माँ सरस्वती जी एवं स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के शुरूआत में प्रतिभागियों द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत वंदे मातरम का गायन किया गया। सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आकाशवाणी के पल-प्रतिपल कार्यक्रम के अनुसार आयोजित किया गया। आकाशवाणी के प्रसारण के माध्यम से राष्ट्रगीत, वंदेमातरम, स्वामी विवेकानन्द जी द्वारा शिकागो में धर्म संसद में दिए गए उद्बोधन की वाणी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का संदेश प्रसारित किया गया। इस अवसर पर उपस्थिजनों ने सामूहिक सूर्य नमस्कार प्रार्थना, प्राणायाम की मुद्रा के तहत सूर्य नमस्कार के 12 आसनों के तीन चरणो किये एवं प्राणायाम अनुलोम-विलोम, भ्रामरी का अभ्यास किया गया।

सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर श्रीमती अमृता गर्ग, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण श्री उमेश धुर्वे, जिला शिक्षा अधिकारी फूलसिंह मरपाची, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनन्द राय सिन्हा, डीपीसी अमरनाथ सिंह, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं विभिन्न विद्यालयो के छात्र-छात्राओ, शिक्षकों, प्राचार्यों, योग शिक्षकों ने सहभागिता निभाते हुए सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम अनुलोम-विलोम का अभ्यास किया।सूर्य नमस्कार एवं योग तथा प्राणायाम योग शिक्षक राजेन्द्र शर्मा, मिनाक्षी तिवारी, नीलिमा शर्मा, रेखा संत, अभयराज सिंह एवं सूर्य प्रकाश तिवारी द्वारा संपन्न कराया गया।

## हाई स्कूल पैलवाह में सूर्य नमस्कार



**गोहपारू ।** शहडोल स्वामी विवेकानंद की जन्म जयंती युवा दिवस के शुभ अवसर पर शासकीय हाई स्कूल पैलवाह विकास खंड गोहपारू जिला शहडोल में भी सूर्य नमस्कार का आयोजन पूर्व जिला योग प्रभारी शहडोल महेश प्रसाद द्विवेदी के मुख्य आतिथ्य एवं शाला के प्रभारी प्राचार्य मिथिलेश कुमार सोनी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें विद्यालय के समस्त विद्यार्थी सहित शिक्षकों ने सूर्य नमस्कार के सभी स्थिति एवं आसनों के साथ कपालभाति अनुलोम-विलोम भ्रामरी प्राणायाम सहित ध्यान का अभ्यास किया गया । शिक्षकों में अहिवरण सिंह, रामगोपाल सिंह तथा पंकज कुमार संत,पद्मा तिवारी,सीमा पाण्डेय सहित सुभाष चन्द्र शर्मा ने सक्रिय रूप से सूर्य नमस्कार किया।

## सूर्य नमस्कार कर मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस



**ब्योहारी।** आज दिनांक 12 जनवरी को मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान मे राष्ट्रीय युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष में माध्यमिक शाला ढ़ोढ़ा एवं माध्यमिक स्कूल बोचरो में सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। जिससे सभी में शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक ऊर्जा का संचार हुआ।इस अवसर पर राष्ट्रहित, स्वदेशी अपनाने एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सशक्त करने हेतु स्वदेशी संकल्प दौड़ एवं रैली का आयोजन किया गया। जिसमें नवांकुर संस्था जगदंबा प्रश्नफुटन समिति खड्डा के अध्यक्ष सुनील कुमार पटेल माध्यमिक स्कूल ढोढा एवं ग्राम विकास प्रसफुटन समिति बोचरों के अध्यक्ष रामसजीवन लोनी माध्यमिक शाला बोचरो मे उपस्थित होकर विद्यालय स्टाफएवं छात्र-छात्राओं के साथ योग दिवस के कार्यक्रम में सम्मिलित होकर आवश्यक सहयोग प्रदान करते हुए युवाओं मे राष्ट्रीय चेतना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। ज्ञात हो कि नवाकुर संस्था जगदंबा जन विकास समिति द्वारा सूर्य नमस्कार के साथ - साथ नर्मदा स्वच्छता शपथ और सामूहिक भोज जैसे समाजिक कार्य भी किये जाते है।

## संस्कार केंद्र देवरी नं 2 में हुआ सूर्य नमस्कार



**गोहपारू ।** ग्राम पंचायत देवरी नम्बर 2 में विद्या भारती महाकोशल वनांचल शिक्षा सेवा न्यास जबलपुर द्वारा संचालित सरस्वती जनजातीय संस्कार केंन्द्र देवरी नं 2 में 12 जनवरी 2026 को स्वामी विवेकानंद जी कि 163 वीं जन्म जयंती के अवसर पर सूर्य नमस्कार प्राणायाम, योग, आसान कराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित संकुल समन्वयक द्वारा स्वामी जी के राष्ट्र के प्रति उनके योगदान पर केंन्द्र के भैया बहनों को बताया गया । कि आज की यूवा देश की सबसे बड़ी शक्ति है हमें नशा, आलस्य और नकारात्मक सोच से दूर रहकर शिक्षा,खेल और समाज सेवा में आगे बढ़ना चाहिए तथा समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी का अहसास कराना है स्वामी जी ने युवाओं को अपने चरित्र ज्ञान और शक्ति से राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित किया उनका मत था कि युवा देश की रीढ़ हैं और उनके सकारात्मक प्रयासों से देश को प्रगति के पथ पर ले जाया जा सकता है। उनके द्वारा दिए गए मूल मंत्र का आत्मसात करें और अपने नर जन्म को सफल करें और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लें।




## स्वदेशी संकल्प दौड़ एवं युवा दिवस कार्यक्रम आयोजित

**शहडोल,नवभारत।** विकासखंड सोहागपुर के तत्वाधान में विकासखंड समन्वयक प्रिया सिंह बघेल के नेतृत्व में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वदेशी संकल्प दौड़ कार्यक्रम का आयोजन उत्कृष्ट विद्यालय शहडोल में किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष शहडोल श्री घनश्याम जायसवाल एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री फूल सिंह मारपाची उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला समन्वयक श्री विवेक कुमार पांडेय ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन, राष्ट्रभक्ति एवं आत्मनिर्भरता की भावना को जागृत करना है।संबोधन के उपरांत विद्यार्थियों द्वारा स्वदेशी संकल्प दौड़ एवं रैली का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इसके पश्चात जिला प्रशासन द्वारा स्टेडियम में आयोजित सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में भी प्रतिभागियों ने सहभागिता की।कार्यक्रम में नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि राघवेंद्र शुक्ला, सनत त्रिपाठी, परामर्शदाता श्री शिवम तिवारी, सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राएं एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# 31 मार्च तक चलेगा संकल्प से समाधान अभियान

▶चार चरणों में पात्र हितग्राहियों को मिलेगा योजनाओं का लाभ



**शहडोल, नवभारत ।** प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिले में संकल्प से समाधान अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य को साकार करने के उद्देश्य से यह अभियान 12 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक चार चरणों में संचालित किया जाएगा। अभियान का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद जयंती (युवा दिवस) से किया गया है। इसके माध्यम से केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुँचाया जाएगा। अभियान की सम्पूर्ण कार्यवाही सीएम हेल्पलाइन पोर्टल के माध्यम से संपादित होगी।

### ग्राम पंचायत से जिला स्तर तक शिविर

कलेक्टर ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत स्तरीय दल गठित किए गए हैं, जिनमें पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पटवारी सहित मैदानी अमला शामिल रहेगा। 10 से 30 पंचायतों का क्लस्टर बनाकर संबंधित एडीओ एवं पीसीओ को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नगरीय क्षेत्रों में 5 से 10 वार्डों का जोन बनाकर शिविर लगाए जाएंगे।

### चार चरणों में होगा अभियान

प्रथम चरण (12 जनवरी-15 फरवरी) आवेदन व शिकायतों का संग्रह ग्राम पंचायत व वार्ड स्तर पर किया जाएगा।

द्वितीय चरण (16 फरवरी-16 मार्च) क्लस्टर एवं जोन स्तर पर शिविर लगाकर प्राप्त आवेदनों का निराकरण।

तृतीय चरण (16 मार्च-26 मार्च) विकासखंड व नगर स्तर पर शेष एवं नवीन आवेदनों का निराकरण।

चतुर्थ चरण (26 मार्च-31 मार्च) जिला स्तर पर शिविर, प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में शेष आवेदनों का निराकरण एवं हितलाभ वितरण।

### पोर्टल पर आवेदन की सुविधा

नागरिक भी पोर्टल पर शिविर रोस्टर के अनुसार पंजीयन कर आवेदन दर्ज कर सकेंगे। सभी आवेदनों का 31 मार्च 2026 तक अनिवार्य रूप से निराकरण कर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा।बैठक में सीईओ जिला पंचायत शिवम प्रजापति, एसडीएम जयसिंहनगर काजोल सिंह, संयुक्त कलेक्टर प्रगति वर्मा, एसडीएम सोहागपुर अमृता गर्ग सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# गांजा-कोरेक्स माफिया का तांडव, पुलिस को खुली चुनौती

▶ नशे का गढ़ बनता जयसिंहनगर, कानून व्यवस्था चरमराई



**जयसिंहनगर, नवभारत ।** जयसिंहनगर नगर एवं आसपास का क्षेत्र इन दिनों गांजा, कोरेक्स, शराब, जुआ-सट्टा और गुंडागर्दी का खुला अड्डा बनता जा रहा है। मादक पदार्थों की खुलेआम बिक्री यह सवाल खड़ा करती है कि आखिर पुलिस कर क्या रही है? नगर और क्षेत्र में कई ऐसे ठिकाने सक्रिय हैं, जहां दिन-दहाड़े कोरेक्स और गांजा बेचा जा रहा है। इन अड्डों पर नवयुवकों का जमावड़ा लगा रहता है, जो नशे की गिरफ्त में आकर अपराध की राह पर बढ़ते जा रहे हैं। असामाजिक तत्व बेखौफ होकर ऐसे घृणित कृत्यों को अंजाम दे रहे हैं, मानो उन्हें कानून का कोई डर ही न हो।

### मीडिया पर भी हमलावर माफिया

जब इन अवैध गतिविधियों को लेकर समाचार पत्रों एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में खबरें प्रकाशित होती हैं, तो नशा माफिया और उनसे जुड़े गुंडे मीडिया को धमकाने और डराने से भी नहीं चूकते। गुंडागर्दी की हद यह है कि वे हर वक्त किसी भी टकराव के लिए तैयार रहते हैं। यह स्थिति पुलिस की निष्क्रियता को दर्शाती है या फिर अपराधियों पर किसी प्रकार की कृपा बरस रही हैकृयह जनता के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। सच्चाई जो भी हो, अपराध और अपराधी दोनों ने नगर एवं क्षेत्र में अपने पैर जमा लिए हैं। नशे के कारोबार के साथ-साथ रेत माफिया का अवैध कारोबार भी दिन-रात जारी है। कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई नजर आ रही है। शहडोल जिला, जो कभी अपनी शांति और सौहार्द के लिए जाना जाता था, आज धीरे-धीरे अपराध का गढ़ बनता जा रहा है। सवाल यह है कि क्या जिले में अपराध और अपराधिक गतिविधियों पर समय रहते अंकुश लगाया जा सकेगा? क्या फिर से अमन और चैन की व्यवस्था कायम हो पाएगी?

### जनता की पुलिस अधीक्षक से बड़ी अपेक्षा

नगर एवं क्षेत्र की जनता की पुलिस अधीक्षक से सीधी अपेक्षा है कि वे नशा माफिया, रेत माफिया और संगठित अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई कर कानून-व्यवस्था बहाल करें। अवैध मादक पदार्थों के कारोबार और नशाखोरी को जड़ से खत्म किया जाए, ताकि आम जनमानस भयमुक्त होकर सुख-चैन का जीवन जी सके।

# युवा पीढ़ी के लिए स्वामी विवेकानंद के विचारों की प्रासंगिकता : डॉ जियालाल



**शहडोल,नवभारत ।** स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं के व्यक्तित्व के समग्र विकास हेतु विशेष उपादेय हैं। युवा वर्ग में अपार ऊर्जा शक्ति होती है। सम्भवतः इसीलिए स्वामी विवेकानंद जी का कहना था कि युवा वर्ग की ऊर्जा बहती नदी के समान होती है। जिस प्रकार बहती नदी को सही दिशा नहीं मिलने या प्रवाह मार्ग अवरूद्ध हो जाने पर धारा अवरूद्ध हो जाती है तथा नदी में बाढ़ या उबाल आ जाता है, ठीक उसी प्रकार यदियुवाओं में निहित ऊर्जा को सही एवं सकारात्मक दिशा में उपयोग नहीं किया गया वह ऊर्जा विनाशात्मक भी हो जाती है एवं युवा दिग्भ्रमित हो जाता है। इस सन्दर्भ में स्वामी विवेकानंद ने युवाओं के ऊर्जा को सही दिशा में लाने हेतु अपने विभिन्न व्याख्यानों में विभिन्न तरह के विचार व्यक्त किए ताकि युवा वर्ग उनके विचारों को आत्मसात कर अपने व्यक्तित्व का विकास कर अपनी ऊर्जा को समाज हित एवं देश हित में लगाकर देश को उन्नति ञके पथ पर अग्रसर कर सके। स्वामी विवेकानंद जी का मत था कि आज का वर्ग, जिसमें देश का भविष्य निहित है और जिसमें जागरण के लक्षण परिलक्षित हो रहे हैं, ऐसे युवा वर्ग को अपने जीवन के लिए एक उद्देश्य की खोज कर लेनी चाहिए। किंतु इस युवा वर्ग को स्वयं में एवं हम सबको, खासतौर से परिवार एवं शिक्षक वर्ग को ऐसा प्रयास करना होगा कि युवा पीढ़ी के अन्दर जगी हुई प्रेरणा एवं उत्साह तथा उनके अन्दर निहित अथाह ऊर्जा सकारात्मक पथ पर संचालित हो सके। यदि ऐसा नहीं हुआ तो युवा वर्ग के शक्ति का ऐसा अपव्यय एवं दुरूपयोग होगा कि वह ऊर्जा शक्ति भलाई के स्थान पर बुराई के लिए तत्पर हो जायेगी। अतः युवा वर्ग की ऊर्जा को दिग्भ्रमित होने से बचाना होगा एवं उसे सकारात्मक पथ पर अग्रसर करना होगा।

मेला — आस्था, संस्कृति और मनोरंजन का भव्य संगम, सुरक्षा व सुविधाओं पर रहेगा विशेष जोर

# 14 जनवरी से बाणगंगा मैदान में सात दिवसीय मकर संक्रांति मेला









**शहडोल, नवभारत।** आस्था, संस्कृति और परंपरा का प्रतीक बाणगंगा मेला इस वर्ष मकर संक्रांति के अवसर पर 14 जनवरी से 20 जनवरी तक जिला मुख्यालय स्थित बाणगंगा मैदान में सात दिवसीय भव्य रूप में आयोजित किया जाएगा। मेले में प्रदेश सहित विभिन्न स्थानों से आए व्यापारी अपनी दुकानें लगाएंगे, वहीं श्रद्धालु और आमजन परंपरागत उत्साह के साथ मेले का आनंद ले सकेंगे। मेले के सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सफल आयोजन को लेकर कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की अध्यक्षता में मेला आयोजन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं विभिन्न विभागों के प्रमुखों ने तैयारियों की समीक्षा की।

### श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोपरि

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने निर्देश दिए कि मेला स्थल का भ्रमण कर रूट चार्ट को सुव्यवस्थित किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं और व्यापारियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मकर संक्रांति के दिन प्रातःकाल बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाणगंगा कुंड में स्नान करते हैं, इसे देखते हुए महिला-पुरुषों के लिए अलग-अलग स्नान एवं वस्त्र परिवर्तन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कुंड की साफ-सफाई एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।

### 800 दुकानों का सुव्यवस्थित लेआउट

मेले में लगभग 800 दुकानदार अपनी दुकानें लगाएंगे। दुकानों के लिए पूर्व निर्धारित लेआउट के अनुसार व्यवस्थित व्यवस्था की जाएगी। झूलों को मेले के अंतिम छोर पर लगाया जाएगा, जिससे भीड़ प्रबंधन बेहतर हो सके। कलेक्टर ने पेयजल, सुलभ शौचालय, पार्किंग, निर्बाध विद्युत व्यवस्था, कंट्रोल रूम, मीडिया एवं पुलिस के लिए बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विद्युत तारों की पूर्व जांच कर उन्हें सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए।मेले में हेल्पलाइन नंबर, खोया-पाया कक्ष, एम्बुलेंस सेवा, रात्रिकालीन अलाव तथा प्रवेश द्वारों पर सूचना बोर्ड लगाए जाएंगे।

## सांस्कृतिक संध्या बनेगी आकर्षण का केंद्र

नगर पालिका अध्यक्ष श्री धनश्याम जायसवाल ने बताया कि मेले में प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ आर्केस्ट्रा, बुंदेलखंडी, राजस्थानी एवं छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी, जो दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण रहेंगी। मेले में ओरिएंट पेपर मिल, एसईसीएल एवं रिलायंस द्वारा आकर्षक प्रदर्शनियां भी लगाई जाएंगी, जिससे आमजन को उद्योगों एवं योजनाओं की जानकारी मिल सके। बैठक में नगरपालिका अध्यक्ष, सीईओ जिला पंचायत, एसडीएम, संयुक्त कलेक्टर, पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख उपस्थित रहे।